# साहित्य अकादमी अनुवाद पुरस्कार घोषित

**नई दिल्ली (एसएनबी)।** साहित्य अकादमी के अध्यक्ष डॉ. चंद्रशेखर कंबार की अध्यक्षता में कार्यकारी मंडल की हुई बैठक में 23 भारतीय भाषाओं के अनुवाद पुरस्कारों की घोषणा की गई। कार्यकारी मंडल ने हिन्दी के लिए जहां आलोक गुप्त का तो उर्दू के लिए असलम मिर्जा का चयन किया है। अकादमी ने यह पुरस्कार पांच वर्षों (वर्ष 2013-2017) के बीच प्रकाशित अनुवादों के लिए प्रदान किए हैं। पुरस्कार स्वरूप प्रत्येक को 50 हजार रुपए की राशि और उत्कीर्ण ताम्रफलक प्रदान किया जाता है। चयनित लेखकों को यह सम्मान इसी वर्ष आयोजित एक विशेष समारोह में प्रदान किया जाएगा।

**आलोक गुप्त को हिन्दी के लिए और असलम मिर्जा को उर्दू के लिए पुरस्कार**

**अकादमी ने की 23 भारतीय भाषाओं के अनुवाद पुरस्कारों की घोषणा**

अकादमी के सचिव के. श्रीनिवास राव ने बताया कि कार्यकारी मंडल ने 23 भारतीय भाषाओं के अनुवाद पुरस्कारों के लिए लेखकों की कृतियों का चयन किया है।

हिन्दी के लिए आलोक गुप्त को उनकी कृति सरस्वतीचंद्र (खंड-1 और 4/भाग -1 और 2), उर्दू के लिए असलम मिर्जा (मोर पंख) व अंग्रेजी के लिए सुसैन डैनियल (कुसुमाबले) का चयन हुआ है। इसके अलावा केदार कानन (अकाल में सारस/मैथिली), प्रेम प्रकाश शर्मा (रश्मिरथी/संस्कृत), नवकुमार हंदिकै (राजतरंगिणी/असमिया), तपन बंद्योपाध्याय (भारतवर्ष/बांग्ला), गोपीनाथ ब्रह्म (अबंलावरिनि फाव/बोडो), रत्न लाल बसोत्रा (सतीसरै दी कहानी/डोगरी), बकुला घासवाला (अंतर्नाद/गुजराती), रतन लाल जौहर (गोरा/कश्मीरी), जयंती नायक (जिन्दगीनामा-जियो रुख (कोंकणी), सीजी राजगोपाल (श्रीरामचरितमानसम/मलयालम), ख. प्रकाश सिंह (लालहौबा अमसुड अतै शैरेड़शिड़/मणिपुरी), सई परांजपे (आणि मग एक दिवस/मराठी), सचेन राई 'दुमी' (वोज्यूले भनेको कथा/नेपाली), अजय कुमार पटनायक (श्रेष्ठ हिन्दी गल्प/उड़िया), प्रेम प्रकाश (देश बंद दे लहू दे रंग/पंजाबी), देव कोठारी (चारु वसंत/राजस्थानी), प्रेम प्रकाश शर्मा (रश्मिरथी/संस्कृत), खेरवाल सोरेन (आईकाउ/संथाली), ढोलन राही (मीठो पानी खारो पानी/सिंधी), केबी जयश्री (निलम पूत्तु मलर्दं नाल/तमिल) और पी. सत्यवती (ओका हिजड़ा आत्मकथा/तेलुगु) पुरस्कृत अनुवादकों में शामिल हैं। कन्नड़ भाषा के लिए अनुवाद पुरस्कार की घोषणा बाद में की जाएगी।